## खण्ड – (क)
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Section – (A)
## ( Objective Type Questions )

1. निम्नलिखित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका क्रमानुसार स्पष्ट लिखिए : 1

i) कौन-सी पेन्सिल से बनाई गई रेखा सबसे अधिक काली होगी ?
 अ) 2 बी ( 2B ) ब) एच बी ( HB )
 स) 6 बी ( 6B ) द) 2 एच ( 2H )

ii) कांगड़ा चित्रण शैली का प्रमुख संरक्षक कौन था ?
 अ) रंजीत सिंह ब) पृथ्वी चन्द
 स) महाराजा संसार चन्द द) इनमें से कोई नहीं

iii) बादामी गुफाएँ कहाँ पायी गयी हैं ?
 अ) आइहोल ब) मिर्जापुर
 स) रायगढ़ द) औरंगाबाद

iv) तैल रंग का चित्र बनाने के लिये कौन-सा कागज उपयुक्त है ?
 अ) ह्वाटमैन पेपर ब) आयल स्केचिंग पेपर
 स) कार्ट्रिज पेपर द) पेस्टिल पेपर

v) आधुनिक भारतीय चित्रकला का प्रथम चित्रकार किसे माना जाता है ?
 अ) रवीन्द्रनाथ ठाकुर ब) अवनीन्द्र नाथ ठाकुर
 स) राजा रविवर्मा द) एम० एफ० हुसैन

vi) 'व्यक्ति चित्रण' किसके शासनकाल में उच्च स्तर पर था ?
 अ) हुमायूँ ब) जहाँगीर
 स) शाहजहाँ द) अकबर

vii) 'मार विजय' भित्तिचित्र अजंता की कौन-सी गुफा में है ?
 अ) गुफा सं० 9 ब) गुफा सं० 16
 स) गुफा सं० 2 द) गुफा सं० 1

viii) निम्नलिखित में से द्वितीयक रंग कौन-सा है ?
 अ) लाल ब) बैंगनी
 स) नीला द) पीला

ix) अनुदृश्य या पर्सपेक्टिव ( perspective ) किस अनुभूति का बोध कराती है ?
 अ) दूरस्थ तथा निकटस्थ ब) छाया-प्रकाश
 स) दूरस्थ द) इनमें से कोई नहीं ।

x) भारत में कम्पनी चित्रण शैली का प्रमुख केन्द्र था ?
 अ) आगरा ब) लखनऊ
 स) पटना द) इनमें से कोई नहीं

Every objective type question has *four* options. You have to select one correc answer and write it clearly in order in the answer-book :

i) Which pencil will draw the darkest line ?

a) 2B b) HB

c) 6B d) 2H 1

ii) Who was the prime patron of Kangra painting style ?

a) Ranjeet Singh b) Prithvi Chand

c) Maharaja Sansar Chand d) None of them 1

iii) Where are Badami caves found ?

a) Aihole b) Mirzapur

c) Raigarh d) Aurangabad 1

iv) Which paper is proper for Oil painting ?

a) Whatman paper b) Oil sketching paper

c) Cartridge paper d) Pastel paper 1

v) Who is considered to be the first artist of Modern Indian Painting ?

a) Rabindra Nath Tagore b) Abanindra Nath Tagore

c) Raja Ravi Varma d) M. F. Hussain 1

vi) 'Portraiture' was on its high rank in the regime of

a) Humayun b) Jahangir

c) Shah Jahan d) Akbar 1

vii) In which cave of Ajanta there is the wall painting - 'Maar Vijaya' ?

a) Cave no. 9 b) Cave no. 16

c) Cave no. 2 d) Cave no. 1 1

viii) Which is the secondary colour in the following ?

a) Red b) Violet

c) Blue d) Yellow 1

ix) Perspective gives you what type of feeling ?

a) Distance and nearness b) Light-shadow

c) Distance d) None of these 1

x) In India the main centre of Company style of painting was

a) Agra b) Lucknow

c) Patna d) None of these 1

## खण्ड – (ख)

### आलेखन ( अनिवार्य )

## Section - (B)

### DESIGN ( Compulsory ) 60

2. सजावटी परदे की एक किनारी के लिये आलेखन बनाइए जो 8 सेमी × 24 सेमी के आकार का हो । आलेखन सूरजमुखी के फूल, पत्तियों तथा कलियों पर आधारित हो । उसमें अनुकूल स्थान पर किसी पशु या पक्षी का भी समावेश करें । कम से कम तीन रंगों का प्रयोग करें ।

अथवा

22 सेमी व्यास वाले एक वृत्त में एक मेजपोश के मध्य के लिये एक सुन्दर आलेखन बनाइए जो कमल के फूल, पत्तियों तथा कलियों पर आधारित हो । इसमें अनुकूल स्थान पर किसी तितली या हिरन का समायोजन करें । कम से कम तीन रंगों का प्रयोग करें ।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

क) इकाइयों की मौलिकता एवं पुनरावृत्ति । 12

ख) लयात्मक रेखांकन । 12

ग) उत्तम संगति एवं रंग योजना । 24

घ) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण । 12

Make a design for a decorative curtain border in 8 cm × 24 cm size. The design should be based on Sunflower, leaves and buds. Add any animal or bird at appropriate place in the same. Use at least three colours.

*OR*

Prepare a design for the centre of a table cloth in a circle of 22 cm diameter based on Lotus flower, leaves and buds. Add any butterfly or deer at appropriate place in the same. Use at least three colours.

Pay special attention to the following points :

a) Originality and repeats of the units. 12

b) Rhythmic lining. 12

c) Good harmony and colour scheme. 24

d) General effect and attraction. 12

